# बी डी कॉलेज और एमएसटीसी के बीच समझौता, कचरा प्रबंधन होगा पारदर्शी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी डी कॉलेज और भारत सरकार के उपक्रम एमएसटीसी (स्टील मंत्रालय के अंतर्गत) के बीच 25 अगस्त 2025 को एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या रत्ना अमृत ने कहा कि इस सहमति पत्र के माध्यम से अब महाविद्यालय में कचरा और ई-कचरा निष्पादन की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी जो पूरी तरह पारदर्शी होगी। यह पहल संस्थागत विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। समझौते के दौरान महाविद्यालय की ओर से नामित पदाधिकारी अमित कुमार, वेस्ट और ई-वेस्ट निष्पादन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। वहीं एमएसटीसी की ओर से शाखा प्रबंधक मलय मण्डल और उप निदेशक प्रशांत मालवीय की उपस्थिति रही। इस साझेदारी के माध्यम से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा इसी सप्ताह होनी है। ऐसे में छात्राओं के आग्रह पर कैबिनेट चुनाव 28 की जगह 29 अगस्त को कराया जाएगा।

# बीडी कॉलेज-एमएसटीसी के बीच करार हुआ



पटना। बीडी कॉलेज और भारत सरकार के उपक्रम एमएसटीसी (स्टील मंत्रालय के अंतर्गत) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के बाद महाविद्यालय का कचरा प्रबंधन अब ऑनलाइन हो जाएगा। इससे पारदर्शिता आएगी। यह संस्थागत विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।